AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

एलयू : बीसीए प्रवेश पात्रता में कई विषय किए शामिल

विश्वविद्यालय प्रशासन ने किया संशोधन, काफी विद्यार्थियों को मिलेगा मौका

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने यहां बीसीए में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों को बड़ी राहत दी है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इसके लिए आवेदन पात्रता में संशोधन करते हुए कई विषयों को शामिल किया है। इससे अब इसके लिए काफी विद्यार्थी अर्ह हो जाएंगे। विश्वविद्यालय में बीसीए की 120 सीटों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन चल रहे हैं।

विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार, बीसीए कोर्स में प्रवेश के लिए अब तक पात्रता 12वीं और समकक्ष परीक्षाओं में गणित या कंप्यूटर अनिवार्य विषय था, जबकि हाल में हुई कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग की बीओएस में इसमें प्रवेश के लिए 12वीं और समकक्ष परीक्षाओं में अनिवार्य विषय में कंप्यूटर विज्ञान से संबंधित और विषयों जैसे आईटी, कंप्यूटर एप्लीकेशन, इन्फार्मेशन प्रैक्टिसेज, इन्फार्मेशन टेक्नोलॉजी इनेबल सर्विसेज, कंप्यूटर टेक्नोलॉजी एंड मेंटेनेंस को भी शामिल करने पर सहमति प्रदान की गई है।

विवि प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि इसे अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय की संकाय परिषद की 30 अप्रैल को हुई बैठक में भी स्वीकार कर लिया गया। जल्द ही इसे अन्य संबंधित संस्थाओं से भी पास कराया जाएगा। इस बदलाव से अधिक से अधिक छात्रों को बीसीए कोर्स में प्रवेश लेने का अवसर मिलेगा। विश्वविद्यालय में प्रवेश आवेदन की अंतिम तिथि 31 मई है। संबंधित विस्तृत जानकारी विवि की वेबसाइट पर है। विद्यार्थी, इसे पढ़कर ही ऑनलाइन करें।

बीएससी प्रैक्टिकल पांच से : लखनऊ विवि के जुलॉजी विभाग में बीएससी की प्रयोगात्मक परीक्षाएं पांच मई से शुरू हो रही हैं। विभागाध्यक्ष के अनुसार बीएससी पहले सेमेस्टर जुलॉजी के प्रैक्टिकल पांच से नौ मई तक सुबह 8.30 बजे से आयोजित किया जाएगा। वहीं, बीएससी पहले सेमेस्टर जेनेटिक्स एंड जिनोमिक्स के प्रैक्टिकल 10 मई को सुबह 11 बजे से विभाग में होंगी।

कई नतीजे जारी, इंटरनल गायब, पीजी परीक्षा में पकड़ा नकलची

लखनऊ। लखनऊ विवि प्रशासन द्वारा दिसंबर में हुई सेमेस्टर परीक्षाओं में से कई कोर्सों का परिणाम सोमवार को जारी किया गया। किंतु बीकॉम तीसरे सेमेस्टर समेत कुछ कोर्सों में काफी विद्यार्थियों के इंटरनल ही नहीं दिए गए, जबकि वे इंटरनल एग्जाम में शामिल हुए थे। दूसरी तरफ सोमवार को पीजी परीक्षा में सुबह की पाली में 1013 में से 7 और दूसरी पाली में 2436 में से 47 विद्यार्थी अनुपस्थित थे। सुबह की पाली में एक छात्रा नकल करते पकड़ी गई। विवि प्रशासन के अनुसार सोमवार को बीसीए पांचवें सेमेस्टर, बीए ऑनर्स इकोनॉमिक्स तीसरी व पांचवें सेमेस्टर, बीए ऑनर्स इंग्लिश पांचवें सेमेस्टर, एमसीए तीसरे सेमेस्टर व बीकॉम तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया गया है। परिणाम विवि की वेबसाइट पर भी अपलोड है। बीकॉम तीसरे सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने जब परिणाम डाउनलोड किया तो उसमें से कई के इंटरनल ही नहीं चढ़े हुए हैं। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने कहा कि उन्हें जानकारी नहीं है। अगर ऐसा है तो इसे दिखवाया जाएगा। (माई सिटी रिपोर्टर)

संबद्धता आवेदन छह तक

लखनऊ। एकेटीयू में संबद्धता व संबद्धता विस्तार की निर्धारित अंतिम तिथि विलंब शुल्क के साथ बढ़ा दी गई है। उप कुलसचिव डॉ. आरके सिंह के अनुसार विलंब शुल्क के साथ छह मई तक आवेदन किए जा सकते हैं।

पांच तक देख सकेंगे कॉपी : एकेटीयू में विषम सेमेस्टर के परीक्षाफल जारी होने के बाद कॉपी देखने के लिए आवेदन पांच मई तक कर सते हैं। परीक्षा नियंत्रक द्वारा जारी सूचना के अनुसार 300 रुपये प्रति विषय जमा कर कॉपी देख सकते हैं, जबकि चैलेंज इवैलुएशन की तिथि पूर्व निर्धारित रहेगी। (माई सिटी रिपोर्टर)

बीएएमएस की परीक्षा 18 से

लखनऊ। आयुर्वेदिक छात्र-छात्राओं की परीक्षा की तिथि घोषित हो गई है। संकायाध्यक्ष एवं प्रधानाचार्य डॉ. पीसी सक्सेना और परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि परीक्षाएं 18 मई से शुरू होकर छह जून तक चलेंगी। बीएएमएस प्रथम वर्ष से लेकर अंतिम वर्ष तक के छात्रों की परीक्षा तारीख घोषित कर दी गई हैं। साथ ही एमडी आयुर्वेद प्रथम वर्ष की भी परीक्षा होंगी। रीक्षा दोपहर दो से शाम पांच बजे तक होंगी। (माई सिटी रिपोर्टर)

लखनऊ विवि को मिले 20 नए शिक्षक, आठ की प्रोन्नति

माई सिटी रिपोर्टर

कार्य परिषद की बैठक में लगी मुहर

लखनऊ। लखनऊ विवि प्रशासन ने कई शिक्षकों को ईद का तोहफा दिया है। विवि प्रशासन द्वारा सोमवार को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में कार्य परिषद की बैठक में जहां 20 नए शिक्षकों की भर्ती व पूर्व के शिक्षकों की प्रोन्नति को हरी झंडी दी गई। इसे लेकर शिक्षकों में खुशी थी।

विवि प्रशासन के अनुसार जैव रसायन विभाग में एक प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर के 3, वाणिज्य विभाग में एक प्रोफेसर, सहायक प्रोफेसर के 4, शिक्षा शास्त्र विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर 4, व्यवहारिक अर्थशास्त्र विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर 2 की नियुक्ति हुई है। वाणिज्य विभाग में 5 सहायक प्रोफेसर नियत वेतन पर भी नियुक्त किए गए हैं। वहीं, जैव रसायन विभाग में प्रो. समीर शर्मा, डॉ. कुसुम यादव व डॉ. मीनल गर्ग के प्रमोशन को हरी झंडी मिली है।

व्यवहारिक अर्थशास्त्र विभाग में डॉ. अनूप कुमार सिंह, डॉ. नागेंद्र कुमार मौर्या, वाणिज्य विभाग में डॉ. सुनीता श्रीवास्तव, डॉ. गीतिका टंडन कपूर, शिक्षा शास्त्र विभाग में डॉ. अपर्णा गोडबोले के भी प्रमोशन का लिफाफा खोला गया और उसे एप्रूव किया गया। साथ ही 28 अप्रैल को राजभवन की ओर से आगे होने वाली नई नियुक्तियों के लिए आए दिशा-निर्देश को भी इस बैठक में अंगीकृत किया गया। जानकारी के अनुसार कुछ विभागों में ईडब्ल्यूएस की भी सीटें थीं, लेकिन इस पर कोई योग्य अभ्यर्थी नहीं मिला।

NBT PAGE 6

एलयू के 8 शिक्षकों का प्रमोशन, 20 नए मिले

■ **एनबीटी, लखनऊः** लखनऊ विवि में सोमवार को हुई आपात कार्य परिषद ने शिक्षकों के प्रमोशन से लेकर नए शिक्षकों की नियुक्ति पर मुहर लगा दी। वहीं राजभवन से आगे होने वाली नई नियुक्तियों के संबंध में आए हुए दिशा-निर्देश भी बैठक में स्वीकार किए गए। इस तरह विवि को कुल 20 नए शिक्षक मिल गए। वहीं 8 शिक्षकों को प्रोन्नति मिली है।

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में हुई कार्य परिषद की बैठक में जैव रसायन विभाग के प्रो. समीर शर्मा, डॉ. कुसुम यादव और डॉ.मीनल गर्ग को प्रोन्नति दी गई है। व्यवहारिक अर्थशास्त्र विभाग में डॉ. अनूप कुमार सिंह और डॉ. नागेंद्र कुमार मौर्या को प्रोन्नति दी गई है। वाणिज्य विभाग में डॉ. सुनीता श्रीवास्तव और डॉ. गीतिका टंडन कपूर, डॉ. अर्पणा गोडबोले को प्रोन्नति दी गई है।

HINDUSTAN PAGE 5

एलयूः शिक्षकों के प्रमोशन पर लगी कार्यपरिषद की मुहर

लखनऊ। एलयू में सोमवार को हुई आपात कार्य परिषद ने शिक्षकों के प्रमोशन से लेकर नये शिक्षकों की नियुक्ति पर अपनी मुहर लगा दी गई है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में हुई कार्य परिषद की बैठक में जैव रसायन विभाग के प्रो समीर शर्मा को एसोसिएट प्रोफेसर स्टेज 4 से प्रोफेसर स्टेज 5 में, डॉ. कुसुम यादव सहायक प्रोफेसर स्टेज 3 से एसोसिएट प्रोफेसर स्टेज 4 में और डॉ. मीनल गर्ग सहायक प्रोफेसर को स्टेज 3 से एसोसिएट प्रोफेसर स्टेज 4 में प्रोन्नति दी गयी है।

अर्थशास्त्र विभाग में डॉ. अनूप कुमार सिंह एसोसिएट प्रोफेसर को स्टेज 4 से प्रोफेसर स्टेज 5 और डॉ. नागेंद्र कुमार मौर्या को सहायक प्रोफेसर स्टेज 2 से सहायक प्रोफेसर स्टेज 3 में प्रोन्नति दी गयी है। वाणिज्य विभाग में डॉ. सुनीता सहायक प्रोफेसर को स्टेज 3 से एसोसिएट प्रोफेसर स्टेज 4 में और डॉ. गीतिका टंडन कपूर सहायक प्रोफेसर को स्टेज 3 से एसोसिएट प्रोफेसर स्टेज 4 में प्रोन्नति दी गयी है। शिक्षा शास्त्र विभाग में डॉ. अर्पणा गोडबोले को (स्टेज तीन) से (स्टेज चार) एसोसिएट प्रोफेसर पद पर प्रोन्नति मिल गई। इसी तरह व्यवहारिक अर्थशास्त्र विभाग में डा. अनूप कुमार सिंह एसोसिएट प्रोफेसर (स्टेज-चार) से प्रोफेसर (स्टेज पांच), डा. नागेंद्र कुमार मौर्या को सहायक प्रोफेसर (स्टेज-दो) से सहायक प्रोफेसर (स्टेज तीन) पद पर प्रोन्नति दी गई। वाणिज्य विभाग में डा. सुनीता श्रीवास्तव सहायक प्रोफेसर (स्टेज तीन) से एसोसिएट प्रोफेसर (स्टेज चार), डा. गीतिका टंडन कपूर सहायक प्रोफेसर (स्टेज तीन) से एसोसिएट प्रोफेसर (स्टेज चार), शिक्षा शास्त्र विभाग में सहायक प्रोफेसर डा. अर्पणा गोडबोले को (स्टेज तीन) से (स्टेज चार) एसोसिएट प्रोफेसर पद पर प्रोन्नति मिल गई।

कम्प्यूटर एप्लीकेशन से संबंधित विषय जुड़े

लखनऊ। एलयू ने सत्र 2022-23 प्रवेश प्रक्रिया के अन्तर्गत बीएससी में प्रवेश लेने वाले छात्रों को राहत दी है। एलयू ने प्रवेश मानकों को बदलते हुए बीएससी में प्रवेश के लिए कम्प्यूटर साइंस से सम्बंधित अतिरिक्त विषयों को भी जोड़ा है। इन अतिरिक्त विषयों वाले छात्र भी अब बीएससी में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकेंगे। लखनऊ विश्वविद्यालय में बीसीए कोर्स में प्रवेश के लिए अब तक पात्रता मापदंड 12वीं और समकक्ष परीक्षाओं में गणित या कंप्यूटर अनिवार्य था। 25 अप्रैल को हुई कम्पयूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के अध्ययन मंडल की बैठक में सम्मिलित करने पर सहमति बनी।

i-NEXT PAGE 6

एलयू ने बीसीए में एडमिशन के लिए बदल दिए मानक

बीसीए में आवेदन कर सकेंगे कंप्यूटर साइंस के अन्य विषयों के छात्र

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (2 May): लखनऊ यूनिवर्सिटी ने सत्र 2022-23 एडमिशन प्रक्रिया के अन्तर्गत बीसीए में एडमिशन लेने वाले छात्रों को राहत दी है. यूनिवर्सिटी ने एडमिशन मानकों को बदलते हुए बीसीए में एडमिशन के लिए कंप्यूटर साइंस से सम्बंधित अतिरिक्त विषयों को भी जोड़ा है. इन अतिरिक्त विषयों वाले छात्र भी अब बीसीए में एडमिशन के लिए आवेदन कर सकेंगे.

बैठक के बाद हुआ फैसला

लखनऊ यूनिवर्सिटी में बीसीए कोर्स में एडमिशन के लिए अब तक पात्रता मापदंड 12वीं और समकक्ष परीक्षाओं में मैथ्स या कंप्यूटर अनिवार्य था. 25 अप्रैल को हुई कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के अध्ययन मंडल की बैठक में बीसीए कोर्स में एडमिशन के लिए 12वीं और समकक्ष परीक्षाओं में अनिवार्य विषय में कंप्यूटर साइंस से संबंधित विषयों जैसे आईटी, कंप्यूटर एप्लीकेशन, इनफॉर्मेशन प्रैक्टिस, इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी इनेबल सर्विसेस, आईटीईएस, कंप्यूटर टेक्नोलॉजी एंड मेंटेनेंस को सम्मिलित करने पर सहमति प्रदान की गई.

JAGRAN CITY PAGE III

आठ शिक्षकों को प्रोन्नति, 20 को नियुक्ति

लखनऊ विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद की बैठक में दिया गया प्रस्ताव को अनुमोदन

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में सोमवार को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में हुई कार्यपरिषद की बैठक में शिक्षकों की प्रोन्नति व चयन के प्रस्ताव पर अनुमोदन दिया गया। इनमें आठ शिक्षकों को प्रोन्नति और 20 को नई नियुक्ति दी गई।

प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि जैव रसायन विभाग में प्रो. समीर शर्मा को एसोसिएट प्रोफेसर (स्टेज-चार) से प्रोफेसर (स्टेज पांच), डा. कुसुम यादव सहायक प्रोफेसर (स्टेज तीन) से एसोसिएट प्रोफेसर (स्टेज चार) और डा.मीनल गर्ग सहायक प्रोफेसर (स्टेज तीन) से एसोसिएट प्रोफेसर (स्टेज चार) पर प्रोन्नत किया गया। इसी तरह व्यवहारिक अर्थशास्त्र विभाग में डा. अनूप कुमार सिंह एसोसिएट प्रोफेसर (स्टेज-चार) से प्रोफेसर (स्टेज पांच), डा. नागेंद्र कुमार मौर्या को सहायक प्रोफेसर (स्टेज-दो) से सहायक प्रोफेसर (स्टेज तीन) पद पर प्रोन्नति दी गई। वाणिज्य विभाग में डा. सुनीता श्रीवास्तव सहायक प्रोफेसर (स्टेज तीन) से एसोसिएट प्रोफेसर (स्टेज चार), डा. गीतिका टंडन कपूर सहायक प्रोफेसर (स्टेज तीन) से एसोसिएट प्रोफेसर (स्टेज चार), शिक्षा शास्त्र विभाग में सहायक प्रोफेसर डा. अर्पणा गोडबोले को (स्टेज तीन) से (स्टेज चार) एसोसिएट प्रोफेसर पद पर प्रोन्नति मिल गई।

इन विभागों में नए शिक्षक

जैव रसायन विभाग-एक प्रोफेसर तीन एसोसिएट प्रोफेसर, वाणिज्य विभाग-एक प्रोफेसर, चार सहायक प्रोफेसर, शिक्षा शास्त्र विभाग-चार एसोसिएट प्रोफेसर, व्यवहारिक अर्थशास्त्र विभाग-दो एसोसिएट प्रोफेसर नियुक्त हुए। वाणिज्य विभाग में पांच सहायक प्रोफेसर नियत वेतन पर भी नियुक्त किए गए हैं। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि बैठक में बीते 28 अप्रैल को राजभवन से आगे होने वाली नई नियुक्तियों के संबंध में दिशा-निर्देश आए हैं।

फार्मेसी के विद्यार्थियों को नई प्रयोगशालाओं की सुविधा जल्द

लखनऊ विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट आफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को प्रयोग करने के लिए जल्द ही नई प्रयोगशालाओं की सुविधा मिल सकेगी। इन छह प्रयोगशालाओं को तैयार करने का काम लगभग पूरा हो चुका है। जल्द ही कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय इसका उद्घाटन करेंगे। लखनऊ विश्वविद्यालय ने शैक्षिक सत्र 2021-22 से इंस्टीट्यूट आफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज में बैचलर इन फार्मेसी (बीफार्मा) और डिप्लोमा इन फार्मेसी (डीफार्मा) पाठ्यक्रम की शुरुआत की थी। अभी तक फार्मेसी पाठ्यक्रम के लिए अपना भवन नहीं हैं। इस वजह से इसका संचालन इंजीनियरिंग संकाय के भवन में किया जा रहा है। यहीं पर विद्यार्थियों की कक्षाएं लगती हैं। प्रयोगात्मक कार्य यहीं पर कराए जाते हैं। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो.पूनम टंडन ने बताया कि अब विद्यार्थियों के इन प्रयोगात्मक कार्यों के लिए सुविधाओं से लैस प्रयोगशालाएं जल्द मिल जाएंगी। यह लैब इंजीनियरिंग संकाय के भवन में ही बनाई गई है। इसी महीने इसके उद्घाटन की भी तैयारी है।

लूटा ने की आरक्षण के नियमों में बदलाव की मांग : लखनऊ विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (लूटा) ने सरकार से प्रोफेसर और एसोसिएट प्रोफेसर में लागू ईडब्ल्यूएस आरक्षण के नियमों में बदलाव की मांग की है। लूटा अध्यक्ष डा. विनीत वर्मा का कहना है कि इस आरक्षण के जो नियम सरकार ने बनाए हैं, उसके तहत जो भी अभ्यर्थी अर्ह होगा, उसकी आए निर्धारित आठ लाख की सीमा के पास ही होगी। इसी वजह से लवि में हुई नियुक्तियों में इस कोटे पर एक भी अभ्यर्थी चयनित नहीं हो पाया। इसके अलावा उन्होंने कार्यपरिषद की बैठक अध्यादेश के अनुसार निर्धारित समय पर न होकर आकस्मिक बुलाए जाने पर भी आपत्ति जताई है।

PIONEER PAGE 3

लविविः फार्मेसी के छात्रों को मिलेगी हाईटेक लैब

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट आफ फार्मास्यूटिकल्स साइंसेज के तहत फार्मेसी की पढ़ाई करने वाले छात्रों के लिए खबर अच्छी है। यहां के छात्रों को जल्द ही हाईटेक लैब का लाभ मिलेगा। लैब को तैयार करने का काम लगभग पूरा हो चुका है। विवि के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय इसका उद्घाटन करेंगे।

लखनऊ विश्वविद्यालय की तरफ से शैक्षिक सत्र 2021.22 से बैचलर इन फार्मेसी और डिप्लोमा इन फार्मेसी पाठ्यक्रम की शुरुआत की थी। अभी तक फार्मेसी के लिए अपना भवन न होने से इसका संचालन इंजीनियरिंग संकाय के भवन में किया जा रहा है। यहीं पर छात्रों के प्रयोगात्मक कार्य भी यहीं होते हैं। अब इन कार्यों के लिए सुविधाओं से लैस प्रयोगशालाएं जल्द मिल जाएंगी।

एलयू बीसीए में कंप्यूटर एप्लीकेशन के छात्र भी आवेदन कर सकेंगे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ यूनिवर्सिटी ने सत्र 2022-23 एडमिशन प्रक्रिया के अन्तर्गत बीसीए में एडमिशन लेने वाले छात्रों को राहत दी हैण् यूनिवर्सिटी ने एडमिशन मानकों को बदलते हुए बीसीए में एडमिशन के लिए कंप्यूटर साइंस से सम्बंधित अतिरिक्त विषयों को भी जोड़ा है। इन अतिरिक्त विषयों वाले छात्र भी अब बीसीए में एडमिशन के लिए आवेदन कर सकेंगे। बीसीए कोर्स में एडमिशन के लिए अब तक पात्रता मापदंड 12वीं और समकक्ष परीक्षाओं में मैथ्स या कंप्यूटर अनिवार्य था। 25 अप्रैल को हुई कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के अध्ययन मंडल की बैठक में बीसीए कोर्स में एडमिशन के लिए 12वीं और समकक्ष परीक्षाओं में अनिवार्य विषय में कंप्यूटर साइंस से संबंधित विषयों जैसे आईटी, कंप्यूटर एप्लीकेशन, इनफॉर्मेशन प्रैक्टिस, इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी इनेबल सर्विसेस, आईटीईएस, कंप्यूटर टेक्नोलॉजी एंड मेंटेनेंस को सम्मिलित करने पर सहमति प्रदान की गई। बता दें कि अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय परिषद की 30 अप्रैल को सम्पन्न हुई बैठक में भी इसको स्वीकार कर लिया गया। लखनऊ यूनिवर्सिटी में बीसीए की 120 सीटें हैं, जिसमें आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 मई है।

कार्यपरिषद ने शिक्षकों के नाम पर लगाई मुहर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय में सोमवार को हुई आपात कार्य परिषद ने शिक्षकों के प्रमोशन से लेकर नये शिक्षकों की नियुक्ति पर अपनी मुहर लगा दी है। वहीं राजभवन से आगे होने वाली नई नियुक्तियों के संबंध में आए हुए दिशा-निर्देशों को भी इस बैठक में स्वीकार किया गया। विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में हुई कार्य परिषद की बैठक में जैव रसायन विभाग के प्रो समीर शर्मा को एसोसिएट प्रोफेसर स्टेज 4 से प्रोफेसर स्टेज 5 में, डॉ कुसुम यादव सहायक प्रोफेसर को स्टेज 3 से एसोसिएट प्रोफेसर स्टेज 4 में और डॉ मीनल गर्ग सहायक प्रोफेसर को स्टेज 3 से एसोसिएट प्रोफेसर स्टेज 4 में प्रोन्नति दी गयी है। इसी तरह व्यवहारिक अर्थशास्त्र विभाग में डॉ अनूप कुमार सिंह एसोसिएट प्रोफेसर को स्टेज 4 से प्रोफेसर स्टेज 5 और डॉ नागेंद्र कुमार मौर्या को सहायक प्रोफेसर को स्टेज 2 से सहायक प्रोफेसर स्टेज 3 में प्रोन्नति दी गयी है। वाणिज्य विभाग में डॉ सुनीता श्रीवास्तव सहायक प्रोफेसर को स्टेज 3 से एसोसिएट प्रोफेसर स्टेज 4 और डॉ गीतिका टंडन कपूर सहायक प्रोफेसर को स्टेज 3 से एसोसिएट प्रोफेसर स्टेज 4, शिक्षा शास्त्र विभाग में डॉ अर्पणा गोडबोले को सहायक प्रोफेसर स्टेज 3 से एसोसिएट प्रोफेसर स्टेज 4 में प्रोन्नति दी गयी है। वहीं जैव रसायन विभाग में 1 प्रोफेसर, 3एसोसिएट प्रोफेसर, वाणिज्य विभाग में 1 प्रोफेसर, 4 सहायक प्रोफेसर, शिक्षा शास्त्र विभाग में 4 एसोसिएट प्रोफेसर, व्यवहारिक अर्थशास्त्र विभाग में 2 एसोसिएट प्रोफेसर की नई नियुक्ति की गयी है। इसके अतिरिक्त वाणिज्य विभाग में 5 सहायक प्रोफेसर नियत वेतन पर नियुक्त किए गए हैं।

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 7

कार्य परिषद की बैठक में कई नियुक्तियों पर लगी मुहर

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में सोमवार को कार्यपरिषद की बैठक हुई। इस बैठक में पूर्व में हुए शिक्षकों की प्रोन्नति और नियुक्ति को अनुमोदन प्रदान किया गया।

ईडब्ल्यूएस अभ्यर्थी ना मिलने पर 'लूटा' ने जताया विरोध

जैव रसायन विभाग में समीर शर्मा को एसोसिएट प्रोफेसर (स्टेज - 4) से प्रोफेसर (स्टेज-5), डा. कुसुम यादव, सहायक प्रोफेसर (स्टेज - 3) से एसोसिएट प्रोफेसर (स्टेज-4) और डा. मीनल गर्ग, सहायक प्रोफेसर (स्टेज-3) से एसोसिएट प्राफेसर (स्टेज-4), जबकि व्यवहारिक अर्थशास्त्र विभाग में डा. अनूप कुमार सिंह एसोसिएट प्रोफेसर (स्टेज-4) से प्रोफेसर (स्टेज -5) और डा. नागेंद्र कुमार मौर्या को सहायक प्रोफेसर (स्टेज-2) से सहायक प्रोफेसर (स्टेज-3), वाणिज्य विभाग में डा. सुनीता श्रीवास्तव सहायक प्रोफेसर (स्टेज-3) से एसोसिएट प्रोफेसर (स्टेज-4) और डा. गीतिका टंडन कपूर सहायक प्रोफेसर (स्टेज-3) से एसोसिएट प्रोफेसर (स्टेज-4), शिक्षा शास्त्र विभाग में डा. अर्पणा गोडबोले सहायक प्रोफेसर (स्टेज-3) से एसोसिएट प्रोफेसर (स्टेज-4) को प्रोन्नति मिली है। इसी प्रकार नई नियुक्ति में ईडब्ल्यूएस के अभ्यर्थी ना मिलने के आरोपों के साथ ही जैव रसायन विभाग में एक प्रोफेसर व तीन एसोसिएट प्रोफेसर, वाणिज्य विभाग में एक प्रोफेसर व चार सहायक प्रोफेसर, शिक्षा शास्त्र विभाग में चार एसोसिएट प्रोफेसर, व्यवहारिक अर्थशास्त्र विभाग में दो एसोसिएट प्रोफेसर तथा वाणिज्य विभाग में पांच सहायक प्रोफेसर नियत वेतन पर नियुक्त किए गए।

विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से कहा गया है कि 28 अप्रैल 2022 को राजभवन, उत्तर प्रदेश से आगे होने वाली नई नियुक्तियों के संबंध में आए दिशानिर्देशों को भी इस बैठक में अंगीकृत किया गया। वहीं दूसरी तरफ लूटा अध्यक्ष विनीत कुमार वर्मा ने कहा कि ईडब्ल्यूएस के अभ्यर्थी ना मिलने की बात किसी के भी गले नहीं उतर रही है, इसके अलावा एसोसिएट प्रोफेसरों की नियुक्ति में ईडब्ल्यूएस का कोटा खत्म किया जाना चाहिए क्योंकि असिस्टेंट प्रोफेसर बनते ही वेतन के हिसाब से अभ्यर्थी ईडब्ल्यूएस का कैंडिडेट स्वतः ही नहीं रह जाएगा।

बीएससी प्रथम सेमेस्टर प्रयोगात्मक परीक्षा पांच से

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में बीएससी प्रथम सेमेस्टर जुलाजी व जेनेटिक एंड जिनोमिक्स प्रयोगात्मक परीक्षाएं पांच मई से शुरू होंगी। सोमवार को इसका विस्तृत कार्यक्रम जारी किया गया। जुलाजी की प्रयोगात्मक परीक्षा पांच, छह, सात व नौ मई को सुबह साढ़े आठ से दोपहर एक बजे तक होगी। रोजाना दो बैच की परीक्षाएं होंगी। जेनेटिक्स एंड जिनोमिक्स की प्रयोगात्मक परीक्षा 10 मई को सुबह 11 बजे से होगी। विभाग की ओर से इसकी नोटिस जारी की गई है।

कंप्यूटर साइंस से 12वीं पास भी ले सकेंगे बीसीए में दाखिले

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय (लवि) ने बैचलर आफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (बीसीए) पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए तय पात्रता मापदंड में कंप्यूटर साइंस से संबंधित कई विषयों को शामिल कर लिया है। जिन छात्र-छात्राओं ने आइटी, कंप्यूटर एप्लीकेशन, इंफार्मेशन प्रैक्टिसस, इंफार्मेशन टेक्नोलाजी इनेबल सर्विसेस(आईटीईएस), कंप्यूटर टेक्नोलाजी एंड मेंटेनेंस विषय से 12वीं किया है। वह इसमें आवेदन कर सकेंगे। हाल ही में हुई कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग की बोर्ड आफ स्टडीज और फिर फैकल्टी बोर्ड की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। इस बदलाव को शामिल करने के लिए प्रवेश सेल को पत्र भेज दिया गया है, जिससे इस अर्हता वाले अभ्यर्थियों को आवेदन का मौका मिल सके।

लवि के नवीन परिसर में बीसीए पाठ्यक्रम संचालित है। तीन वर्षीय इस कोर्स में दाखिले के लिए 120 सीटें निर्धारित हैं। ईंजीनियरिंग संकाय के ईंचार्ज प्रो. आरएस गुप्ता ने बताया कि अभी तक बीसीए कोर्स में आवेदन के लिए सिर्फ वही अभ्यर्थी आवेदन के पात्र होते थे, जिन्होंने इंटर या समकक्ष परीक्षाओं में कंप्यूटर साइंस या गणित अनिवार्य विषय के रूप में लिया था। अब इसके मापदंड में बदलाव करते हुए कंप्यूटर साइंस से संबंधित आइटी सहित कई विषय शामिल कर दिए हैं। इससे अधिक से अधिक विद्यार्थियों को बीसीए में प्रवेश लेने का मौका मिल सकेगा। फैकल्टी बोर्ड से प्रस्ताव मंजूर हो चुका है। एकेडमिक काउंसिल के माध्यम से इसे पास कराकर आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

31 तक आवेदन का मौका

उन्होंने बताया कि चूंकि प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, इसलिए एडमिशन कोआर्डिनेटर को पत्र भेज दिया है कि वह इसे प्रक्रिया में अपडेट कर दें, ताकि इस कोर्स में अन्य अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकें। आवेदन का मौका 31 मई तक दिया गया है। यह बदलाव आगामी शैक्षिक सत्र 2022-23 से लागू होगा।

AMRIT VICHAR PAGE 3 & 5

लखनऊ विवि ने बदले बीसीए में प्रवेश मानक

अमृत विचार, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने सत्र 2022-23 प्रवेश प्रक्रिया के अन्तर्गत बीसीए में प्रवेश लेने वाले छात्रों को राहत दी है। विवि ने प्रवेश मानकों को बदलते हुए बीएसए में प्रवेश के लिए कंप्यूटर साइंस से संबंधित अतिरिक्त विषयों को भी शामिल किया है। इन विषयों वाले छात्र भी बीएससी में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकेंगे। बीसीए में प्रवेश के लिए अब तक 12वीं और समकक्ष परीक्षाओं में गणित या कंप्यूटर अनिवार्य था। 25 अप्रैल को कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के अध्ययन मंडल की बैठक में बीसीए में प्रवेश के लिए 12वीं और समकक्ष परीक्षाओं में अनिवार्य विषय में कंप्यूटर विज्ञान से संबंधित विषयों को सम्मिलित करने पर सहमति प्रदान की गई।

नियुक्ति व प्रोन्नति पर कार्यपरिषद की मुहर

अमृत विचार, लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय में सोमवार को हुई आपात कार्य परिषद ने शिक्षकों के प्रमोशन से लेकर नये शिक्षकों की नियुक्ति पर मुहर लगाई। वहीं, राजभवन से आगे होने वाली नई नियुक्तियों के संबंध में आए हुए दिशा-निर्देशों को भी इस बैठक में स्वीकार किया गया। इस तरह विश्वविद्यालय को कुल 20 नए शिक्षक मिल गए हैं। वहीं 58 शिक्षकों को प्रोन्नति मिली है।

विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में हुई कार्य परिषद की बैठक में जैव रसायन विभाग के प्रो. समीर शर्मा को एसोसिएट प्रोफेसर स्टेज 4 से प्रोफेसर स्टेज 5 में, डॉ कुसुम यादव सहायक प्रोफेसर को स्टेज 3 से एसोसिएट प्रोफेसर स्टेज 4 में और डॉ मीनल गर्ग सहायक प्रोफेसर को स्टेज 3 से एसोसिएट प्रोफेसर स्टेज 4 में प्रोन्नति दी गयी है। इसी तरह व्यवहारिक अर्थशास्त्र विभाग में डॉ अनूप कुमार सिंह एसोसिएट प्रोफेसर को स्टेज 4 से प्रोफेसर स्टेज 5 और डॉ नागेंद्र कुमार मौर्या को सहायक प्रोफेसर को स्टेज 2 से सहायक प्रोफेसर स्टेज 3 में प्रोन्नति दी गयी है। वाणिज्य विभाग में डॉ सुनीता श्रीवास्तव सहायक प्रोफेसर को स्टेज 3 से एसोसिएट प्रोफेसर स्टेज 4 और डॉ गीतिका टंडन कपूर सहायक प्रोफेसर को स्टेज 3 से एसोसिएट प्रोफेसर स्टेज 4, शिक्षा शास्त्र विभाग में डॉ अर्पणा गोडबोले को सहायक प्रोफेसर स्टेज 3 से एसोसिएट प्रोफेसर स्टेज 4 में प्रोन्नति दी गयी है।

इन विभागों को मिले नए शिक्षक

वहीं जैव रसायन विभाग मे 1 प्रोफेसर, 3 एसोसिएट प्रोफेसर, वाणिज्य विभाग मे 1 प्रोफेसर, 4 सहायक प्रोफेसर, शिक्षा श